भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *85

जिसका उत्तर 08.02.2024 को दिया जाना है

ग्रीनफील्ड राजमार्ग एनएच-744

*85. श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय राजमार्ग-744 पर भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के विकास को समयबद्ध रूप से पूरा करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-744 के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ग) राष्ट्रीय राजमार्ग-744 पर ग्रीनफील्ड राजमार्ग के निर्माण के संबंध में केरल सरकार द्वारा माल और सेवा कर तथा रॉयल्टी से छूट दिए जाने के संबंध में दिए गए उत्तर पर केंद्र सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या केंद्र सरकार का भूमि अधिग्रहण का संपूर्ण दायित्व लेने के लिए जन प्रतिनिधियों के अनुरोध पर विचार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) एक विवरण सभा के पटल पर रखा जाता है।

'ग्रीनफील्ड हाईवे एनएच-744' के संबंध में श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा दिनांक 08 फरवरी, 2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 85 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख) रारा-744 केरल के कोल्लम से शुरू होकर तमिलनाडु में मदुरै के पास तिरुमंगलम पर समाप्त होता है। भारतमाला परियोजना चरण-I के तहत रारा-744 का 4/6 लेन कैरिजवे में विकास शामिल है। कुल 209 किमी में से, लगभग 72 किमी की लंबाई वाली पहली दो परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं और बाकी परियोजनाओं के लिए, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का कार्य सौंपा जा चुका है। विवरण इस प्रकार हैं:

क्र.सं.	राज्य	परियोजना का नाम	लंबाई
1	तमिलनाडु	रारा-744 के तिरुमंगलम से वडुगापट्टी खंड के किमी 0.0 से किमी 36.0 तक 4-लेन	36
2		रारा-744 के वडुगापट्टी से थेरकुवेंगनल्लूर (राजपालयम) खंड के किमी 36.0 से किमी 71.6 तक 4-लेन	35.6
3		रारा-744 के राजपलायम - शेनकोट्टई खंड के किमी 71.6 से किमी 107.0 तक 4-लेन	35.4
4		रारा-744 (पैकेज-II) के राजपलायम - शेनकोट्टई खंड के किमी 107.0 से 139.9 तक 4-लेन	32.9
5		शेनकोट्टई - पुलियांगुडी केरल /तमिलनाडु सीमा खंड को 4-लेन का बनाना/सुधार	7.0
6	केरल	केरल/तमिलनाडू सीमा के निकट आर्यनकावु से एडमॉन तक	23
7		एडमॉन से कदंबतुकोणम	38.62
कुल			**208.52**

(ग) और (घ) केरल सरकार ने मंत्रालय से परियोजना के लिए 25% भूमि लागत की साझेदारी करने से छूट देने का अनुरोध किया है। इस पर, मंत्रालय ने केरल सरकार से उनके अनुरोध पर विचार करने के लिए उक्त परियोजना के लिए राज्य की जीएसटी और रॉयल्टी में छूट देने/प्रतिपूर्ति करने का अनुरोध किया है। केरल सरकार से इस संबंध में उत्तर अभी तक प्राप्त हुआ है।

*****